# Monologue Script in Hindi(New) | मोनोलॉग स्क्रिप्ट इन हिन्दी

## पूर्वाभास:

एक लड़का है जो अभी अभी स्कूल इग्ज़ैम मे पास हुवा है और आगे की पढ़ाई के लिए उसने एक बड़े कॉलेज मे अड्मिशन लिया है| 2 महीने कॉलेज मे जाने के बाद एक दिन यह लड़का अपने घर आया है और अपने माँ से शिकायत कर रहा है की वो कल से कॉलेज नहीं जाएगा | इसके कुछ कारण भी है जो की आपको स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद समज आएंगे |**अब आगे.....**

## पात्र :

लड़का ( उम्र 15-20 साल )

## समय :

1 मिनिट 50 सेकंद

## Monologue Script in Hindi For Students | स्टूडेंट्स के लिए मोनोलॉग स्क्रिप्ट

माँ मै कल से कॉलेज नहीं जाऊंगा । नहीं कुछ खास नहीं बस ऐसे हि, मुझे पढ़ाई करने का मन नहीं करता । नही माँ बोला ना कुछ नहीं ऐसे हि ।

(रोने लगता है और माँ को गले लगाता है ) माँ मुझे माफ करना मैने आपसे झूठ बोला। यह कॉलेज मेरे लायक नहीं है, अपने जैसे लोगोंको यहापर नहीं जाना चाहिए । यहा पर बहुत बड़े बड़े लोगों के बच्चे पढ़ाई करते है। वो तो मे नसीब अच्छा था इसलिए मुझे अच्छे अंक मिल गये वर्णा इस कॉलेज मे एडमिशन का तो छोड़ो उसका नाम भी लेने की मेरी औकात नहीं है।

देखो माँ अभी तो 2 महीना हि हुवा है और कॉलेज की पुरी फीस मांगने लगे है । 2 लाख सुनने मे अच्छा लगता है पर उसे कमाने के लिए पापा की पुरी ज़िंदगी चली जायगी । इसलिए कह रहा हु मै किसी और जगह ट्राय करता हु ना । वैसे मेरा एक दोस्त एग्जाम देने के बाद पुणा चला गया है इतना हि नहीं उसे तो नौकरी भी मिल गयी है।

मुझे भी कुछ ना कुछ नौकरी करनी चाहिए जिसे पापाको भी कुछ मदत होगी और तुम्हे भी लोगों के घर घर जाकर काम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मै नौकरी करने की सोच रहा हु इसका मतलब ऐसा नहीं की पढ़ाई छोड़ दूंगा, मै साथ मे पढ़ाई भी पुरी करूंगा।

माँ पापा के पास देखता हु तो मुझे अलग सा महसूस होता है। वो आपने परिवार के लिए कितना कुछ करते है, उन्होंने कभी भी किसी भी काम की शर्म नहीं कियी, जो काम मिलता है वो करते रहते है। इतना कुछ करके कैसे-वैसे घर का खर्चा निकल जाता है। ऐसे मे कॉलेज की फीस आप कहासे जमा करेंगे ?

मुझे आप दोन्हो को और तकलीफ नहीं देनी है । कबतक हम ऐसे लोगोंके पास से उधार लेते रहेंगे ? माँ आपको याद है की आपने आपके गहने आखिर मे कब पहने थे ? नहीं ना मुज़से भी यह सब नहीं देखा जाता की जो गहने मेरे माँ के गले मे होने चाहिए वो बैंक के लॉकर मे पढ़े है। इसलिए आप थोड़ा पापा से बात करे की मैने ऐसा निर्णय लिया है।